This question paper contains 4+1 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : 5003

Unique Paper Code : 205182 G

Name of the Paper : हिन्दी भाषा (ख)

Name of the Course : B.Com. (बी.कॉम.)

Semester : I

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै ।

जैसे उड़ि जहाज को पंछी, फिरि जहाज पै आवै ।

कमल-नैन कौ छाँड़ि महातम और देव कौं ध्यावै ॥

परम गंग कौ छाँड़ि पियासौ, दुरमति कूप खनावै ।

जिहिं मधुकर अंबुज-रस चाख्यौ, क्यौं करील फल भावै ।

सूरदास प्रभु कामधेनु तजि, छेरी कौन दुहावै ॥

अथवा

दलित जन पर करो करुणा ।

दीनता पर उतर आये

P.T.O.

प्रभु तुम्हारी शक्ति अरुणा ।

हरे तन-मन प्रीति पावन,

मधुर हो मुख मनोभावन,

सहज चितवन पर तरंगित

हो तुम्हारी किरण तरुणा । 8

(ख) निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कोई न छायादार

पेड़, वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,

श्याम तन, भर बँधा-यौवन

नत-नयन, प्रिय कर्म-रत मन ।

गुरु-हथौड़ा हाथ,

करती बार-बार प्रहार

सामने तरु-मालिका अट्टालिका, प्राकार ।

(*i*) उपर्युक्त पंक्तियों में किस वर्ग के प्रति सहानुभूति और किस वर्ग के प्रति व्यंग्य का स्वर मुखरित हुआ है ?

(*ii*) श्रमिक स्त्री के सौंदर्य का वर्णन कीजिए । 8

2. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए :

रैदास **या** नागार्जुन ।

अथवा

पाठ्यक्रम में निर्धारित सूरदास के 'उद्धव संदेश' या हरिवंश राय बच्चन की 'मधुशाला' का सार लिखिए । 6

3. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

बरकत और सादिया काफी दूर तक खामोश रहे । सादिया बरकत को देखकर कमजोर पड़ने लगी । सारा गुस्सा काफूर होने लगा और दिल चाहा कि सब कुछ भूलकर वह बरकत के कंधे पर सर रख दे । आखिर वह उसकी बीवी है । किसी दूसरे के लिए वह अपना शौहर क्यों खोए ? शौहर बना रहेगा तो घर बना रहेगा । घर बना रहेगा तो माँ-बाप की इज्जत बनी रहेगी । उसका भविष्य सुरक्षित रहेगा ।

अथवा

परमार्थ की उच्चतम भावना के साथ भी नागरिक जीवन में प्रवेश करने पर व्यक्ति को अविश्वास और संदेह के अनेक पैने तीरों का लक्ष्य बनना पड़ता है । नागरिक जीवन का अकारण संदेह, कर्मनिष्ठा को पंगु और उसका लक्ष्यहीन दुराव, जीवन-दर्शन को भ्रांत कर देता है । इसके विपरीत ग्रामीण जीवन की पुस्तक खुली ही मिलती है । कुछ विषम परिस्थितियाँ अपवाद हो सकती हैं, पर जहाँ जीवन कुछ स्वस्थ है, वहाँ एक ग्रामीण का सहयोग-आदान-दैन्यरहित होने के कारण सहज है, सहायता का दान गर्वशून्य होने के कारण स्वाभाविक और विचार-विनिमय अकृत्रिम होने के कारण जीवन के अध्ययन का पूरक है । 8

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अब देखते क्या हैं, चलिए पैदल । अब शुरू हुआ यह मिलों का नगर, चमड़िया-सिंहानियाँ-लायलकाओं का षड्यंत्र क्षेत्र । आपके मुल्क के महान् क्रांतिकारियों

और आजादी के परवानों-सोशलिस्टों ने 1942 की क्रांति में इस नेपाल राज्य में अपना अड्डा कायम किया था, किन्तु उपर्युक्त 'कैपिटलिस्टों' की निगाह बहुत दिनों से इस पवित्र मिट्टी की ओर लगी हुई है तथा वे धीरे-धीरे अपने षड्यंत्र में सफल भी हो रहे हैं ।

(*i*) नेपाल में 'कैपिटलिस्ट' क्लास ने किस प्रकार का षड्यंत्र रचा है ?

(*ii*) चमड़िया, सिंहानियाँ, लायलका कौन हैं ? नेपाल से इनका क्या रिश्ता है ? 8

4. 'बेटों वाली विधवा' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए । 6

अथवा

गुंगिया की चारित्रिक विशेषताएँ समझाइए ।

5. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : 5

(*i*) राजभाषा

(*ii*) संपर्क भाषा ।

6. (क) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

प्रदर्शिनी, निरिक्षण, सृष्टी, परीचित, भक्ती, कृशि ।

(ख) दिए गए वाक्यों में से किन्हीं **तीन** को शुद्ध कीजिए : 3

(*i*) मेरी अनेकों मंत्रियों से जान पहचान है ।

(*ii*) उसकी शोभा देखती बनती है ।

(*iii*) मुझे यह काम करने पड़े ।

(*iv*) वह मुम्बई जाना वाला है ।

(*v*) ये सेब शिमले से आए हैं ।

7. एकभाषी कोश की विशेषताएँ लिखिए । 5

अथवा

'बैंकों में हिंदी के प्रयोग और स्थिति' पर टिप्पणी लिखिए ।

8. किन्हीं **छः** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 6

Allotment, Consumption, Credit, Dealer, Discount, Estimate, Insurance, Ownership.

9. स्ववृत्त (बायोडाटा) लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 5

अथवा

सामान मंगवाने के लिए रेडिमेड वस्त्रों के थोक विक्रेता को पत्र लिखिए ।

10. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 5

(*i*) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(*ii*) मेरी प्रिय पुस्तक

(*iii*) रियलिटी शो ।